# निकायों के बजटीय प्रबंधन पर मंथन

▸ राज्य वित्त आयोग ने मंत्रालय में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल,10 जुलाई. राज्य वित्त आयोग ने शुक्रवार को मंत्रालय में राजस्व विभाग, की समीक्षा बैठक ली. प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों को वित्तीय रूप से स्वाबलंबी बनाने एवं स्वयं के आय के स्त्रोत सृजित करने में राजस्व विभाग की भूमिका के संबंध में राजस्व विभाग के साथ समीक्षा की.**

आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति, राजस्व स्त्रोतों और बजटीय प्रबंधन को लेकर मैराथन मंथन हुआ. आयोग के अध्यक्ष पवैया ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों की दीर्घकालिक वित्तीय सुदृढ़ता के लिए एक ठोस रोडमैप तैयार किये जाने में उनकी भूमिका को बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार किया जाये.अध्यक्ष पवैया ने स्थानीय निकायों को गौशालाओं, सौर ऊर्जा को विकसित करने, वाणिज्यिक एवं आवासीय भवनों के लिये भूमि उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर भी विचार किया गया. बैठक में विभागीय अधिकारी ने शासन की नीति तथा इन विषयों पर भविष्य की संभावनाओं की जानकारी आयोग को दी. आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि स्थानीय निकायों की केवल अनुदानों पर निर्भरता को कम कर उन्हें वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाना होगा. इसके लिए कर संग्रहण क्षमता को सुदृढ़ करने, वित्त आयोग के अनटाइड अनुदानों के प्रभावी एवं परिणामोन्मुख उपयोग और बेहतर वित्तीय प्रबंधन के लिए संबंधित विभाग से व्यावहारिक सुझाव प्राप्त किए गए हैं, जिनके आधार पर आयोग अपनी अंतिम रिपोर्ट तैयार करेगा.

## लकवाग्रस्त बुजुर्ग ने लगा ली फांसी

**भोपाल, 10 जुलाई.** बैरागढ़ इलाके में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. बुजुर्ग लकवाग्रस्त थे और उनके खुदकुशी के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है. पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

जानकारी के मुताबिक मनोहर लाल रैकवार (60) बैरागढ़ में रहते थे. गुरुवार को देर रात मनोहर को घर के एक कमरे में फंदे पर लटका देखा गया. उनके परिजनों ने उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मनोहर के परिजनों ने पुलिस को बताया कि करीब 8 महीने पहले वह लकवाग्रस्त हो गए थे. बीमारी के हालत में वह घर में ही रहते थे.

# नशे से लड़ाई में पूरा देश एकजुट

▸ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 10 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र प्रत्येक क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है. इस विकास यात्रा में युवा शक्ति रचनात्मक भूमिका निभा रही है. सभी नागरिक भी विकासात्मक गतिविधियों से स्वयं को जोड़कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. नशे की प्रवृत्ति समाज की विकास यात्रा पर कुठाराघात करती है.**


मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नशा मुक्त मप्र बनाने के लिए कार्य कर रही है. नशे से लड़ाई में पूरा देश एकजुट है.डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने हर तरह के नशे पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक अभियान की शुरुआत की है. नशा, नाश की जड़ है, जो वर्तमान और भावी पीढ़ियों को भी बर्बाद कर देता है. नशे से सभी प्रकार की रचनात्मकता व आगे बढ़ने की संभावनाओं पर कुठाराघात होता है.

**नशामुक्त मप्र के निर्माण में सफल होंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नशामुक्त भारत के संकल्प तथा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह के वर्ष 2029 तक भारत को पूर्णत :नशामुक्त बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने के लिए राज्य सरकार पूर्णत : प्रतिबद्ध है. इस दिशा में जनभागीदारी के साथ निरंतर कार्य जारी है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने नक्सलवाद जैसी बड़ी लड़ाई में भी विजय प्राप्त की है. राज्य सरकार प्रदेशवासियों के सहयोग से नशे के विरुद्ध अभियान में भी सफल होगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा महाकाल हमारे साथ हैं, हम नशामुक्त मध्यप्रदेश के निर्माण में सफल होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी प्रदेशवासियों और युवाओं से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए जाने वाले नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान से जुड़ने का आहवान किया.

# राजनीतिक प्रतिशोध का झूठा नैरेटिव गढ़ रही कांग्रेस

▸ कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी के बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने दी कड़ी प्रतिक्रिया



**भोपाल, 10 जुलाई. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आपराधिक जांच से बचने के लिए राजनीतिक प्रतिशोध का झूठा नैरेटिव गढ़ना कांग्रेस की पुरानी राजनीति रही है.**

उन्होंने कहा कि सहानुभूति प्राप्त करने के लिए कानून और जांच एजेंसियों को कटघरे में खड़ा करना कांग्रेस और उसके नेताओं की आदत बन चुकी है. जीतू पटवारी का बयान तथ्यों से परे, भ्रामक तथा राजनीतिक लाभ लेने का एक असफल प्रयास है. कांग्रेस को गंभीर आपराधिक मामलों में जांच के दायरे में आए लोगों का बचाव करने के बजाय कानून का सम्मान करना चाहिए. जिस व्यक्ति के समर्थन में कांग्रेस खड़ी है, उसके विरुद्ध पूर्व से ही कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं.

भाजपा सरकार में कानून सबके लिए समान है और कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है.कांग्रेस यह भ्रम त्याग दे कि राजनीतिक पद या पारिवारिक संबंध कानून से ऊपर हैं.

खंडेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है. अपराधी कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा. जब कानून अपना कार्य कर रहा है, तब कांग्रेस और उसके नेता राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाकर जांच एजेंसियों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करने का प्रयास कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह भ्रम पूरी तरह त्याग दे कि राजनीतिक पद, पारिवारिक संबंध या रसूख कानून से ऊपर हो सकते हैं. भाजपा सरकार में किसी की पहचान उसके राजनीतिक रिश्तों से नहीं, बल्कि उसके कृत्यों से होती है.



## खंडेलवाल और जामवाल से मिले दतिया के प्रत्याशी

**भोपाल.**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल से दतिया विधानसभा उपचुनाव के पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने भोपाल में सौजन्य मुलाकात की. खंडेलवाल एवं जामवाल ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं. इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर उपस्थित रहे.

## भाजपा महिला मोर्चा की 22 जिला अध्यक्ष घोषित

**भोपाल, 10 जुलाई.** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एड. अश्विनी परांजपे राजवाड़े ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से 22 जिलों में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है. शशि सिंह परमार को पन्ना, सुमन यादव को निवाड़ी, कीर्ति गुप्ता को डिंडोरी, भावना साहू को मंडला, निशा नाग को सिवनी, संजूलता सोनवंशी को पांढुर्ना, सुनीता देशमुख को बैतूल, योगमाया शर्मा को हरदा, मोनिका चौकसे को नर्मदापुरम, ऋतु जैन को सीहोर जिले की जिम्मेदारी दी गई है. इसी तरह प्रियंका मिश्रा को भोपाल नगर, नम्रता शर्मा को भोपाल ग्रामीण, सीमा चौहान को रायसेन, अंशुलेखा भावसार को विदिशा, नीलम सोनी सक्सेना को राजगढ़, मनीषा धाकड़ को नीमच, दीपमाला सोनी को रतलाम, प्रज्ञा ठाकुर को धार नगर, सोनाली श्रीवास्तव को धार ग्रामीण, भावना नागर को अलीराजपुर, दीपमाला बामनिया को झाबुआ और आरती पाठक को भिंड जिले का भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.


**कार्यालय नगर निगम, भोपाल (विद्युत शाखा)**
**अटल भवन नवीन मुख्यालय तुलसी नगर**
**निविदा आमंत्रण सूचना द्वितीय**

क्र.193 /वि.शा./2026 — दिनांक 9-7-2026

निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार परसेन्टेज/ आयटमरेट मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं.

| क्र. | ऑनलाइन टेंडर नं. | कार्य स्थल का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. | निविदा की अवधि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_493429_2 | Supply and Installation of LED Street light 45 Watt, 60 Watt and 90 Watt at Chandan Nagar, Bhavar Nagar, Pratap Nagar, Shiv Nagar etc in ward 73 Zone 16 bhopal (Second call) | 846094 | 8470 | 2000 | registered electrical contractor in centralized registration system in MPPWD having valid electrical license | mpuadd electrical sor 2021 and non sor | 15 दिवस | 1 माह |

**नियम व शर्तें:-** निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है. यदि किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वह वेबसाइट पर प्रदर्शित होगा. वह पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा.

नि.क्र.423/026/027 — सहायक यंत्री (वि.), नगर निगम भोपाल




# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जांच कर मरीजों को दवाएं दीं


**भोपाल, 10 जुलाई. विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के सेवा सप्ताह के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, नया भोपाल-अंबेडकर प्रखंड द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं दवा वितरण का आयोजन शिव नगर बस्ती, नीलबड़ के पास किया गया.**

शिविर मेंडायबिटीज/शुगर, महिलाओं से संबंधित रोगों की जांच चिकित्सकों द्वारा कर नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं. इस अवसर पर प्रान्त संयोजक अवधेश तिवारी, विभाग संयोजक अभिजीत राजपूत, मोहित सोनी, रोहित श्रीवास, दौलत कुशवाहा, जीतू बंजारा सहित बजरंग दल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## डिजिटल मूल्यांकन से परीक्षा होगी पारदर्शी

**भोपाल, 10 जुलाई.** अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय में परीक्षा प्रक्रिया को आधुनिक एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में डिजिटल मूल्यांकन विषय पर एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में नवीन डिजिटल मूल्यांकन सॉफ्टवेयर के प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई. प्राध्यापकों और परीक्षा कार्य से जुड़े अधिकारियों को लाइव डेमो के माध्यम से उत्तरपुस्तिकाओं के ऑनलाइन मूल्यांकन, डेटा सुरक्षा तथा परिणाम प्रक्रिया की विशेषताओं से अवगत कराया गया.

# हिंदी पत्रकारिता का भविष्य विश्वसनीयता पर निर्भर



**निज संवाददाता**

**भोपाल,10 जुलाई. रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन विभिन्न सत्रों में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप पर गंभीर चर्चा हुई.**

कार्यक्रम की शुरुआत शारदा सभागार में हुई, जहां देश के वरिष्ठ पत्रकारों और साहित्यकारों ने भाग लिया. वक्ताओं ने कहा कि आज के डिजिटल दौर में फेक न्यूज, एल्गोरिदम और बाजारवाद पत्रकारिता के सामने बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं. वरिष्ठ पत्रकारों ने जोर देकर कहा कि पत्रकारिता केवल खबर देने का माध्यम नहीं बल्कि समाज में समझ और जागरूकता बढ़ाने की जिम्मेदारी भी निभाती है.

दूसरे सत्र में हिंदी पत्रकारिता में साहित्य के घटते स्थान पर चिंता जताई गई. वक्ताओं ने कहा कि साहित्य और पत्रकारिता दोनों का उद्देश्य समाज को संवेदनशील बनाना है,लेकिन आज इनके बीच दूरी बढ़ रही है.


**ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL-HFL) के कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय- प्रथम तल, माधवगंज स्क्वायर, नियर रेलवे स्टेशन, विदिशा-464001 में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के अंतर्गत बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री। जबकि IIFL-HFL के प्राधिकृत अधिकारी ('AO') ने निम्नलिखित ऋण खातों/संभावना संख्याओं में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का कब्जा ले लिया था. आईआईएफएल-एचएफएल के बकाये की वसूली के लिए 'जहां है जैसा है, जो है जैसा है तथा बिना किसी सहारे के आधार पर' इसे बेचने के अधिकार के साथ, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी मंच के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी.

| देनदार/सहदेनदार/ गारंटर का नाम | डिमांड नोटिस की तिथि व राशि | अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण | भौतिक कब्जा तिथि | रिजर्व मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| श्री रिंकू विश्वकर्मा श्रीमती शिवकांति विश्वकर्मा शिवा फर्नीचर और डिस्पोजल हाउस (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10653480) | 13/10/2025 रु. 1766706/- (रु. सत्रह लाख छियासठ हजार सात सौ छह मात्र) | संपत्ति का वह भाग और हिस्सा जिसमें शामिल है : क्रमांक 309/2/1, ग्राम बेहलॉट, तहसील-गंज बासौदा, जिला- विदिशा, मध्य प्रदेश, पिन क्रमांक 464001 से उत्पन्न भूमि का एक भूखंड. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में) : संपत्ति का प्रकार : भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल, निर्मित_क्षेत्रफल. संपत्ति का क्षेत्रफल : 699.30, 1188.00, 1398.00 | 3-7-2026 दिनांक 06/07/2026 तक कुल बकाया राशि रुपये 1976494.57 (रु. उन्नीस लाख छिहत्तर हजार चार सौ चौरानवे और पैसा सत्तावन मात्र) | रुपये 1977000/- (रु. उन्नीस लाख सतहत्तर हजार मात्र) |
| | बिड वृद्धि राशि रु. 25,000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) | | | बयाना जमा राशि (ईएमडी) रुपये 197700/- (रु. एक सन्तानवे हजार सात सौ मात्र) |

| प्रॉपर्टी निरीक्षण दिनांक | ईएमडी की अंतिम दिनांक | ई-नीलामी दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 12/8/2026 11.00-14.00 बजे | 14/8/2026 के 5.00 बजे तक | 17/8/2026 11.00 से 13.00 बजे |

**भुगतान का तरीका-** ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जाना है. भुगतान करने के लिए आपको https-//www.ifionehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा. **नोट-** प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग-अलग है. सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं. **शेष भुगतान के लिए -** https-//www.iiflonehome.com >मेरी बोली >शेष राशि का भुगतान करें पर लॉग इन करें.

**नियम एवं शर्तें:-**

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https-//www. iiflonehome.com के पास अपना विवरण पहले से पंजीकृत करना होगा तथा लॉगिन खाता, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा. इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त शाखा कार्यालय में ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी की प्रति तथा पैन कार्ड के साथ अपना 'निविदा प्रपत्र' जमा/भेजना होगा.
2. बोलीदाताओं को 'बोली वृद्धि राशि' कॉलम के अंतर्गत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपनी पेशकश में सुधार करना होगा. यदि बोली नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में लगाई जाती है, तो समापन समय स्वत: ही 5 मिनट के लिए बढ़ जाएगा.
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर तथा बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा. सभी जमा और भुगतान निर्धारित भुगतान विधि से किए जाएंगे.
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टाम्प शुल्क, फीस और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित प्रभारों का भुगतान करना होगा.
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेन-देन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन का भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के साथ टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा.
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोलियाँ जमा करने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र की विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट https-//www.iiflonehome.com और https-//www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें.
7. ई-नीलामी पर विस्तृत जानकारी, सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ईमेल आईडी : care@iiflonehome.com, सहायता हेल्पलाइन नंबर : @1800 2672 499 पर संपर्क कर सकते हैं.
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, सोमवार से शुक्रवार के बीच 09:30 बजे से 18:00 बजे तक IIFL HFL टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल करें : care@iiflonehome.com
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जे में लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को इकट्ठा करें, अन्यथा IIFL-HFL परिस्थितियों में संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.
10. इसके अलावा उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त सामान इकट्ठा करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा.
11. यदि सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की जाती है, तो बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी तथा संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा.
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है. निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना**

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तिथि से पहले ऊपर उल्लिखित राशि के साथ-साथ अद्यतित ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और यदि कोई बकाया है तो उसे ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा.

स्थान- भोपाल, दिनांक- 11-7-2026 — एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड


## डॉ. प्रमोद सिंह का निधन अंतिम संस्कार आज



**भोपाल, 10 जून.** कुशल प्रशासक तथा चिकित्सक डॉ. प्रमोद सिंह का भोपाल में निधन हो गया. शहडोल जिले के बुढ़ार में जन्मे डॉ. प्रमोद सिंह, गुजरात के पूर्व राज्यपाल कृष्णपाल सिंह के बड़े पुत्र थे. अविभाजित मप्र में चिकित्सा के क्षेत्र में लंबी सेवाएं देने वाले डॉ. सिंह छत्तीसगढ़ के पहले स्वास्थ्य संचालक थे. उनकी अंतिम यात्रा शनिवार दोपहर एक बजे भोपाल स्थित निज निवास 29, फेस-1, गोल्डन सिटी, जाटखेड़ी (होशंगाबाद रोड) से सुभाष नगर मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी.

# बैरसिया में हो रहा है दूषित पानी सप्लाई



**नवभारत न्यूज**

**बैरसिया, 10 जुलाई.** नगर में तीन दिन से नलों से दूषित पानी सप्लाई लोग परेशान हैं. इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए रेस्टहाउस से पैदल मार्च किया. कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार भूपेंद्र कैलासिया को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौपा. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने कहा नगर में पिछले तीन दिनों से नपा प्रशासन द्वारा नगर में अत्यन्त मटमैला, दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है. दूषित पानी पीने से लोग बीमार हो सकते हैं. ब्लॉक कांग्रेस ने मांग कि हैं नगर में अविलंब शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, अन्यथा कांग्रेस नपा कार्यालय का घेराव कर उग्र प्रदर्शन करेगी. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वे नगरवासियों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे. इधर, सीएमओ राजेंद्र सक्सेना ने एक कर्मचारी को सस्पेंड कर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार का प्रयास किया है. इस अवसर पर सेवादल के नेता लोकेश दांगी, राजकुमारी सुंदर लाल केवट, राजू धाकड़, अखंड प्रताप सिंह, अंकुर राणा, पार्षद प्रेम यादव,रघु यादब, भूपेंद्र मीणा आदि मौजूद थे.


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अनुभव सराफ जैन पिता संतोष कुमार पता : 22, महादेव मंदिर रोड, दरवेश बरतन भंडार, जुमेराती ,भोपाल पूर्व में नाम अनुभव कुमार जैन पिता संतोष कुमार था अब मुझे नए नाम अनुभव सराफ जैन पिता संतोष कुमार पता : 22, महादेव मंदिर रोड, दरवेश बरतन भंडार, जुमेराती, भोपाल के नाम से जाना पहचाना जाएं।



फॉर्म नं. 4

(नियम 5 के उप नियम (2ए) देखे)

अधिनियम की उपधारा 19 के तहत समन, ऋण वसूली न्यायधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के नियम 5 के उपनियम (2ए) के साथ पढ़ा जाए।

**ऋण वसूली न्यायधिकरण, जबलपुर,**

द्वितीय एवं तृतीय तल संचार विकास भवन, (बी.एस.एन.एल. बिल्डिंग) पोस्ट आफिस के पास, रेसिडेन्सी रोड, जबलपुर, मध्यप्रदेश 482001

**केस संख्या ओए संख्या 207/2025**

तारीख..........

**बैंक आफ इंडिया** : आवेदक

बनाम

**1. मैसर्स श्रीनाथजी एंटरप्राइजेस** : बचाव पक्ष

**1. मैसर्स श्रीनाथजी एंटरप्राइजेस द्वारा प्रोपराइटर**

निवासी- 85, नालंदा, महेन्द्र सिटी, ई-8 एक्सटेंशन, इकोसिटी रोड, बावड़िया कलाँ, हुजूर, त्रिलंगा, भोपाल (म.प्र.) 462039

**2. घनश्याम पटेल पिता श्री मगन भाई पटेल उर्फ श्रीमगम भाई पटेल**

निवासी- 85, नालंदा, महेन्द्र सिटी, ई-8 एक्सटेंशन, इकोसिटी रोड, बावड़िया कलाँ, हुजूर, त्रिलंगा, भोपाल (म.प्र.) 462039

जबकि, ओए संख्या **207/25** माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष सूचीबद्ध की गई थी 30/04/2025

जबकि माननीय न्यायधिकरण से निवेदन है कि अधिनियम की धारा 19 (4) के अंतगर्त आपके विरुद्ध दायर उक्त आवेदन (ओए) पर **Rs.81,64,527.72/-** रूपये के ऋण की वसूली हेतु व्यय एवं भविश्य के व्याज सहित समन/सूचना जारी की जाए।

अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (4) के अनुसार, आप प्रतिवादियों को निम्नलिखित निर्देष दिए जाते है।

1. समन की तामील के तीस दिनों के भीतर बताऐ कि मांगी गई राहत क्यों नही दी जानी चाहिए।
2. मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के अंतगर्त आवेदक द्वारा निर्दिश्ट संपत्तियों और परिसंपत्तियों के अतिरिक्त अन्य संपत्तियों या परिसंपत्तियों का विवरण प्रकट करना।
3. आपको मूल आवेदन के 3ए के तहत प्रकट की गई सुरक्षित संपत्तियों या ऐसी अन्य संपत्तियों और संपत्तियों के निपटान से रोका जाता है जब तक कि संपत्तियों की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई और निपटान नहीं हो जाता।
4. बिक्री पट्टे या अन्यथा के माध्यम से अपने व्यवसाय के सामान्य क्रम को छोड़कर उन संपत्तियों में से किसी को भी हस्तांतरित नहीं करेगें जिन पर सुरक्षा हित बनाया गया है और/या अन्य संपत्तियां और संपत्तियां मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के तहत् निर्दिश्ट या प्रकट की गई न्यायधिकरण की पूर्व स्वीकृति के बिना।
5. आप व्यवसाय के सामान्य क्रम में सुरक्षित परिसंपत्तियों या अन्य संपत्तियों या परिसंपत्तियों और संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त विक्रय आय का हिसाब देने और ऐसी परिसंपत्तियों और सुरक्षा हित रखने वाले बैंक या वित्तीय संस्थानों के पास रखे गये खाते में ऐसी विक्रय आप जमा करने के लिए उत्तरदायी होंगें।

आपको लिखित बयान की एक प्रति भी दी जाती है जो आवेदक को उपलब्ध कराई गई है और आपको दिनांक **19/11/2026 को 10:30 बजे** उपस्थित होना है। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में आवेदन पर रजिस्ट्रार के समक्ष सुनवाई की जाऐगी।

इस पर मेरे हस्ताक्षर और न्यायधिकरण की मुहर के तहत यह दिया जाता है। दिनांक **22/06/2026**

न्यायाधिकरण के आदेश से — रजिस्ट्रार, ऋण वसूली न्यायाधिकरण, जबलपुर


# हाईकोर्ट का फैसला : कांग्रेस ने बदली रणनीति

▸ वैकल्पिक उम्मीदवारों पर मंथन



**आशीष कुर्ल**

**भोपाल, 10 जुलाई. दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर हाईकोर्ट द्वारा पूर्व विधायक राजेंद्र भारती को कथित सहकारी ग्रामीण विकास बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट घोटले में दोषी ठहराए जाने के बाद कांग्रेस ने अपनी चुनावी रणनीति में बदलाव शुरू कर दिया है.**

फैसले के बाद पार्टी अब उपचुनाव की तैयारियों में जुट गई है, हालांकि साथ ही इस बात पर भी नजर बनाए हुए है कि राजेंद्र भारती सुप्रीम कोर्ट में इस फैसले को चुनौती देते हैं या नहीं. राजेंद्र भारती के सर्वोच्च न्यायालय जाने की संभावना बनी हुई है, लेकिन उपचुनाव की समय-सीमा को देखते हुए पार्टी अब किसी भी परिस्थिति के लिए वैकल्पिक योजना तैयार कर रही है. उनकी उम्मीदवारी को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच जिला स्तर के नेताओं और संगठन के पदाधिकारियों से लगातार चर्चा की जा रही है.

हालांकि राजेंद्र भारती सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट कर चुके हैं कि उनके परिवार का कोई भी सदस्य उपचुनाव नहीं लड़ेगा. इसके बावजूद पार्टी के भीतर संभावित विकल्पों पर मंथन जारी है और अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है.

> प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में वरिष्ठ नेता दतिया की राजनीतिक परिस्थितियों का आकलन कर रहे हैं. पार्टी सूत्रों का कहना है कि यदि कांग्रेस को नया उम्मीदवार उतारना पड़ता है तो दो नाम प्रमुखता से सामने आए हैं. इनमें राजेंद्र भारती की पत्नी शोभा भारती का नाम सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है, जबकि वरिष्ठ स्थानीय नेता अवधेश नायक भी गंभीर दावेदारों में शामिल हैं.


**कार्यालय नगरपालिका परिषद जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**

(तामिया रोड वार्ड क्रमांक 03 जुन्नारदेव पिनकोड-480551)

Phone(07160)231007 ULBCODE-802380 Emailid-cmojunardev@mpurban.gov.in

क्रमांक /1472/न.पा./ लोनिशा / 2026 — जुन्नारदेव दिनांक 09/07/2026

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से आंन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_520204_1 DATE 09.07.2026 | वार्ड क्र. 15 में गनेश निवारे से सचिन बेलिया तक सी.सी रोड निर्माण कार्य | 02 माह 5,03,104/- | 2000/- 5,100/- | 27.07.2026 |
| 2 | 2026_UAD_520205_1 DATE 09.07.2026 | वार्ड क्र. 16 में मजिस्द के सामने से जमशेद खान के घर तक सी.सी रोड निर्माण कार्य | 02 माह 5,02,890/- | 2000/- 5,100/- | 27.07.2026 |
| 3 | 2026_UAD_520206_1 DATE 09.07.2026 | वार्ड क्र. 03 में दीनदयाल रसोई के सामने, संजीवनी क्लीनिक के सामने, पी. एच.ई. आफिस से संतोष पवार एवं पुनित वर्मा के घर तक पेवर ब्लाक निर्माण कार्य | 03 माह 4,95,704/- | 2000/- 5,000/- | 27.07.2026 |
| 4 | 2026_UAD_520207_1 DATE 09.07.2026 | वार्ड क्र. 12 में अजाबराव देशमुख के घर से सरोज सूर्यवंशी के घर तक आर.सी. सी नाली निर्माण कार्य | 02 माह 2,79,046/- | 2000/- 2,800/- | 27.07.2026 |
| 5 | 2026_UAD_520208_1 DATE 09.07.2026 | वार्ड क्र. 17 में स्थित ओ.एच.टी. एवं वार्ड क्र. 14 में आमाढाना बोरवेल पर पंप हाउस निर्माण कार्य | 02 माह 2,35,754/- | 2000/- 2,400/- | 27.07.2026 |
| 6 | 2026_UAD 520209_1 DATE 09.07.2026 | वार्ड क्र. 14 में रामप्रसाद के घर से कार्य रियाज गौसी तक सी.सी रोड निर्माण | 2,29,458/- | 2000/- 3,000/- | 27.07.2026 |

**नोट:-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आंनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद जुन्नारदेव**
**जिला-छिन्दवाड़ा**